नाले में बहे युवक की लाश सुबह... पृष्ठ 2 | जिला साहू संघ ने किया प्रदेशाध्यक्ष... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

मंगलवार, 02 सितंबर 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 311, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए




।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


# बाढ़ प्रभावितों का हाल जानने उनके बीच पहुँचे मुख्यमंत्री

## अधिकारियों को राहत एवं पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, मुख्यमंत्री साय ने बस्तर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई और जमीनी सर्वेक्षण



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित जिलों दंतेवाड़ा और बस्तर का हवाई सर्वेक्षण एवं जमीनी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और राहत एवं पुनर्वास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक परिवार तक समय पर सहायता पहुँचना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तरों पर संवेदनशीलता तथा तत्परता आवश्यक है।मुख्यमंत्री श्री साय दंतेवाड़ा के चूड़ीटिकरा पारा में बनाए गए अस्थायी राहत शिविर पहुँचे, जहाँ उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रशासन को निर्देशित किया कि शिविरों में पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पेयजल और सुरक्षित आवास की व्यवस्था निरंतर बनी रहे। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाए और उनके पुनर्वास के कार्य प्राथमिकता के आधार पर तेजी से किए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि राहत शिविरों में सभी जरूरी व्यवस्थाओं के साथ-साथ प्रभावित परिवारों को राशन, बर्तन और कपड़े जैसे आवश्यक सामग्री भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बाढ़ प्रभावितों को आवश्यकता अनुसार मकान की मरम्मत अथवा नए मकान निर्माण के लिए सहायता राशि समय पर देने के निर्देश दिए। श्री साय ने कलेक्टर एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को बाढ़ से हुई फसल क्षति, पशुधन हानि सहित अन्य नुकसानों का शीघ्र आंकलन कर प्रभावितों को सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुल का भी निरीक्षण किया और क्षेत्र की यातायात व्यवस्था तथा पुनर्निर्माण कार्यों की स्थिति का आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित गाँवों में सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जाए।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएँ कठिनाई अवश्य लाती हैं, परंतु प्रशासनिक तत्परता और जनसहयोग से इन कठिनाइयों का समय पर समाधान संभव है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि राहत शिविरों और प्रभावित गाँवों में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की विशेष देखभाल की जाए तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ी आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने यहाँ लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल टीम से



दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों की तैनाती और मरीजों को दी जा रही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद करते हुए यह भी पूछा कि क्या वे प्रशासन की मदद से संतुष्ट हैं। प्रभावितों ने जिला प्रशासन के त्वरित सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। श्री साय ने बाढ़ प्रभावितों की स्वास्थ्य जांच, बीमारों के उपचार और आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता के बारे में मौजूद अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।

# बगमार के युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, घटना के बाद घंटों चक्काजाम

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी के समीप ग्राम बगमार निवासी देवेन्द्र कुमार



यादव (28 वर्ष) पिता अंजोरी यादव की 31 अगस्त की रात दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।जानकारी के अनुसार देवेंद्र अपनी सास को ग्राम डौंडी छोड़कर मोटरसाइकिल से लौट रहा था। रात्रि करीब 8 बजे ग्राम खुर्सीपार स्कूल के सामने अचानक गाय-बैल का झुंड सड़क पर आ गया। उन्हें बचाने के प्रयास में उनकी मोटरसाइकिल सड़क पर खड़े रांग साइड हाईवा से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

**घंटों रहा चक्काजाम**

घटना की जानकारी मिलते ही खुर्सीपार के ग्रामीण और मृतक के परिजन घटनास्थल पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर घंटों चक्काजाम कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार पी.एल. नाग और जिला पंचायत सदस्य विभा साहू मौके पर पहुंचे। परिजनों को समझाइश देने के साथ शासन की ओर से ?25,000 की तात्कालिक सहायता राशि मौके पर ही उपलब्ध कराई गई, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

**पुलिस जांच जारी**

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शव को डोंगरगांव मरचुरी में रखा गया और 1 सितंबर को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया।

**चार दिन पहले ही पिता बने थे देवेंद्र**

मृतक देवेंद्र यादव को चार दिन पूर्व ही प्रथम पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई थी। इस खुशी में उनकी सासू मां दामाद और बेटी से मिलने बगमार आई हुई थीं। लेकिन पुत्री जन्म की खुशी मातम में बदल गई।

**इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर टूटा दुख का पहाड़**

देवेंद्र यादव चार बहनों के बीच इकलौते छोटे भाई थे। अब परिवार में पत्नी और नवजात बच्ची बेसहारा हो गई हैं। परिवार में छाई खुशी कुछ ही दिनों में गमगीन मातम में बदल गई है।

# महापौर पहुँचे मोहारा, विर्सजन कुण्ड का किया निरीक्षण

## अनंत चतुर्दशी के पूर्व साफ सफाई कर कुण्ड में पानी भरने, आस पास विद्युत व्यवस्था करने के अलावा शहर में भी साफसफाई, लाईट व्यवस्था दुरूस्त कर पेचवर्क के दिये निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महापौर मधुसूदन यादव आज प्रात: वार्ड निरीक्षण के दौरान मोहारा स्थित विर्सजन कुण्ड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने अनंत चतुर्दशी के पूर्व शहर की विद्युत व्यवस्था दुरूस्तीकरण के अलावा साफ सफाई कर सडको में पेचवर्क करने के निर्देश दिए। विसर्जन कुण्ड निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव ने कहा कि कुण्ड के आस पास साफ सफाई एवं रंग रोगन कर कुण्ड में साफ पानी भरा जाए एवं आवश्यक विद्युतिकरण कर अन्य व्यवस्था दुरूस्त किया जाए।



उन्होंने कहा कि शहर के सडकों एवं विसर्जन झाकी आने वाले रूट में जहॉ गड्ढे है वहा पेचवर्क किया जाए। इसी प्रकार शहर में साफ सफाई कर जहॉ जहॉ लाईट की समस्या है वहा सुधार कर दुरूस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि बारिश को देखते हुए नाली नालो की सफाई कर पानी भरान क्षेत्रों में कच्ची नाली खोद निकासी की व्यवस्था करे। निरीक्षण के दौरान प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव सहित निगम का अमला उपस्थित था।

# शिवनाथ कॉलोनी फेस 3 मे शिवनाथ युवा मंडल के द्वारा द्वितीय वर्ष गणपति जी की भव्य प्रतिमा का स्थापना किया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिवनाथ कॉलोनी फेस 3 मे शिवनाथ युवा मंडल के द्वारा लगातार द्वितीय वर्ष गणपति जी की भव्य प्रतिमा का स्थापना किया गया है।इस कड़ी मे कॉलोनी की समाज सेवा से जुड़े संस्कारी महिला मंडल के द्वारा भजन, महाआरती आयोजन एवं छप्पन भोग गणपति जी को लगाया गया । युवा मंडल के द्वारा प्रतिदिन बच्चों का खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रमुख रूप से किया जा रहा है।इस गणेशोत्स्व मे श्री अशोक चौबे अंजनी तिवारी अनुराग देवांगन,लोकेश्वर राव,अनुराग वर्मा ,रोहित साहू,देवेंद्र साहू,सुशील जायसवाल,केहरी अंकल, दीपक चौबे,जय बजाज,कैलाश भैया,कौशल वर्मा,गोविंद साहू,संजीव शर्मा पंकज साहू, विष्णु शर्मा, राजा चौबे, बिट्टू, अनिकेत, विशु,आयुष, आराध्य दुबे



आर्यन , तेज ,पार्थ, यशवंत राजपूत के साथ समस्त शिवनाथ कॉलोनी निवासियो का भरपुर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# तखतपुर पुजारी हत्याकांड पर आक्रोर्षित हुआ पुजारी पुरोहित संघ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।**तखतपुर स्थित सूरिघाट मंदिर के पुजारी जागेश्वर पाठक की निर्मम हत्या कर दिया गया इसका अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी ने प्रदेश सचिव डोमन दास वैष्णव जिला अध्यक्ष दिलीप वैष्णव जिला सचिव राकेश दास वैष्णव ने घटना की निंदा की संघ ने कहा कि पुजारी जागेश्वर पाठक के हत्यारे को तत्काल गिरफ्तार किया जाए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा सरकार मंदिरों को संरक्षण देने के बजाय असुरक्षित करते जा रही है सनातन धर्म की रक्षा करने वाले पुजारी को आए दिन हत्या का शिकार बनना पड़ रहा है देखते ही देखते पूरे छत्तीसगढ़ में कई पुजारी की हत्या हो चुकी है भगवान की संपत्ति को हड़पने तथा भू माफिया द्वारा कब्जा करने की मंशा से पुजारी की हत्या की जा रही है अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ यह कभी बर्दाश्त नहीं करेगा इसका विरोध करने



वालों में डोंगरगढ़ बजरंगबली मंदिर के महाराज चंदन दास जी हनुमान मंदिर राजनांदगांव के महाराज डोमन दास जी किला मंदिर के पुरोहित दिलीप दास जी पांडाडह बड़े जमात मंदिर पुजारी रिंकू दास जी मध्य प्रदेश बालाघाट लांजी राम मंदिर के पुजारी लक्ष्मी नारायण दास जी कृष्ण मंदिर के जितेंद्र वैष्णव सतीश वैष्णव मनोज निर्वाणी बाबा वैष्णो ज्ञानी वैष्णव रोहित वैष्णव धर्म वैष्णव अमर वैष्णो संजीत वैष्णव राजकुमार वैष्णव सोनेट निर्वाणी राम वैष्णव विष्णु वैष्णवनिधि वैष्णव शिव मंदिर ज्ञानेश्वर दास वैष्णव पार्टी खुर्द शिव मंदिर शर्मा महाराज जगन्नाथ मंदिर जितेंद्र झा दिग्विजय कॉलेज गणेश मंदिर शेखर दुबे दुर्गा मंदिर राम जी विश्वास राम मंदिर बलदेव बाग वैभव निर्वाणी बाला बाबा मंदिर महेंद्र वैष्णव राजा जमात मंदिर संतोष वैष्णव एवं समस्त अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ ने इसका विरोध किया है तथा आंदोलन की चेतावनी दिए।

# पटरी पार खेल महोत्सव का समापन, राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैदान मे खिलाड़ियों की उमड़ी भीड़

## पटरी पार क्षेत्र के बच्चों को खेल मैदान से जोड़ने - रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी की अनुकरणीय पहल , हॉकी से लेकर दौड़ और पेंटिंग तक - बहुआयामी गतिविधियों से सजा चीखली स्कूल








**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ हॉकी के मार्गदर्शन में रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरी पार क्षेत्र के चीखली स्कूल मैदान में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 अगस्त से प्रारंभ हुआ यह महोत्सव खेल के साथ-साथ बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक जागरूकता पर भी केंद्रित रहा।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एएसपी राहुल देव शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा और सुनील साहू ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर हॉकी मैच, 100 मीटर दौड़, रस्सी कूद, भाषण तथा पेंटिंग के विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान पर रहे वाले खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया गया। महोत्सव के पहले दिन फिटनेस जागरूकता रैली का आयोजन हुआ, जिसमें चीखली, शंकरपुर, शांति नगर, ढाबा, स्टेशनपारा और दीनदयाल उपाध्याय वार्ड (शासकीय मुद्रणालय) की गलियों में बच्चों ने च्फिट रहें ङ्क स्वस्थ रहेंज्ज् का संदेश दिया। इसी दिन मेजर ध्यानचंद जयंती पर संगोष्ठी भी हुई। इसमें अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, वरिष्ठ खिलाड़ी गोविंद यादव, संतोष साहू और दिग्विजय श्रीवास्तव ने मेजर ध्यानचंद के जीवन और उपलब्धियों पर प्रेरक विचार साझा किए। इस अवसर पर शान्तिनगर, चीखली, शंकर पुर और ढाबा टीम के मध्य मैत्री मैच खेला गया जिसमें शांतिनगर की टीम विजयी रही। इसके पश्चात खिलाड़ियों को रायपुर के पं दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम मे आयोजित स्पोर्ट्स इनजूरी, मेन्टल हेल्थ, स्पोर्ट्स नुट्रिशन एवं स्पोर्ट्स कैरियर गाइडेंस के राष्ट्रीय सेमिनार के लीये अतिथियों द्वारा झंडा दिखाकर बस से रावाना किया गया। पटरी पार क्षेत्र के खिलाड़ियों के लीये यह प्रथम ऐतिहासिक अवसर है जब इतनी बड़ी संख्या मे एक साथ पटरी पार क्षेत्र से खिलाड़ियों ने किसी स्पोर्ट्स के सेमिनार मे भाग लिया है। दूसरे दिन 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। तीसरे और अंतिम दिन रस्सीकूद, भाषण तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसके साथ ही बच्चों ने साइकिल रैली निकालकर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

# किरगी में चालीसवां राष्ट्रीय नेत्रदान, पखवाड़ा श्रेत्र के ग्रामीण लाभ ले रहे हैं

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 40 वा राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला



राजनांदगांव व खंड चिकित्सा अधिकारी डोंगरगांव के मार्गदर्शन में 40 वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम किरगी में छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण एवं नेत्रदान संबंधी जागरूकता जानकारी एवं नेत्र सुरक्षा संबंधी एवं सावधानी संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा एवं रैली के माध्यम से नेत्र जागरूकता का कार्यक्रम किया गया नेत्र परीक्षण जांच में 53 छात्र-छात्राओं का जांच किया गया एवं 6 बच्चों को दृष्टि दोष चिन्ना अंकित किया गया इस कार्यक्रम में कमला सिन्हा प्रधान पाठक अजय कुमार साहू शिक्षक कमोलनी लहरे शिक्षिका कमल कुमार जोशी शिक्षक ?टी आर साहू शिक्षक वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी ए के शुक्ला कोमल दास साहू एवं उमा भारती साहू उपस्थित थे।

# 3 सितम्बर ढोल ग्यारस, मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन के निर्देशानुसार ढोल ग्यारस के उपलक्ष्य में 3 सितम्बर दिन बुधवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित करने कहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे।

nandgaon times sep-02-3.qxd 9/1/2025 11:55 PM Page 2



## प्रणव साहू नवोदय विद्यालय में चयनित



जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)। डौण्डीलोहारा विकासखंड के आश्रित ग्राम डूमरघुंचा प्राथमिक शाला में अध्यनरत छात्र प्रणव कुमार साहू आत्मज गजेंद्र साहू का जिला बालोद स्थित नवोदय विद्यालय में चयन हो गया है, प्रणव कुमार प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं, इसी सत्र में उन्होंने सैनिक स्कूल डी.पी.एस. राजनांदगांव और नवोदय विद्यालय दोनों की ही परीक्षा दी थी, उक्त छात्रा का दोनों ही जगह चयन हो गया है, उनकी इस उपलब्धि पर शाला परिवार के समस्त शिक्षक, दादा अकबर सिंह साहू ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है, वही शासकीय प्राथमिक डूमर गुंचा का भी नाम रोशन हुआ है।

## रवि शण्डे को को किया गया जिला बदर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने भीमनगर वार्ड क्रमांक 9 कालकापारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव निवासी रवि शण्डे को आपराधिक गतिविधियों का अन्य कानूनी प्रावधानों से रोकथाम नहीं होने तथा अपराधिक गतिविधियों से शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पडने की संभावना को ध्यान में रखते हुए आगामी 6 माह के लिए राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी तथा महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया एवं बालाघाट जिला की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है। रवि शेण्डे को एक सप्ताह के भीतर जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं 28 फरवरी 2026 के पहले प्रवेश नहीं करने के निर्देश दिया गया है। आदेश का पालन नहीं करने पर बलपूर्वक जिलों की सीमाओं से बाहर निकाल दिया जाएगा, यदि इसके बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## कोकपुर में गूंजा वॉलीबॉल का जोश, जूनियर टीम ने सीनियर को दी शिकस्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव के निर्देशानुसार हर गली हर मैदान खेले सारा हिंदुस्तान और मोर खेल मोर गौरव अभियान के तहत ग्राम कोकपुर में एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



आयोजन सहायक संचालक ए. एक्का के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच अनुपूर्णा सिन्हा मुख्य अतिथि रहीं। उनके साथ शासकीय उच्च माध्यमिक शाला के पीटीआई लक्ष्मीलाल यादव, खेल विभाग से संध्या पदम, प्रेरणा राणे, शिक्षक ठाकुर सर एवं अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी महेंद्र कुमार धुर्वे भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सरपंच अनुपूर्णा सिन्हा ने कहा कि यह गांव के लिए गर्व की बात है कि आज यहां वॉलीबॉल जैसा आयोजन हो रहा है। पहले गांवों में सिर्फ कबड्डी और खो-खो जैसे खेल होते थे, लेकिन अब बच्चों की रुचि वॉलीबॉल जैसे खेलों में बढ़ रही है, जो एक सकारात्मक बदलाव है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान को विकसित करने हेतु जल्द ही विभाग से पत्राचार किया जाएगा। प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग की टीमों के बीच बेस्ट ऑफ थ्री का मुकाबला हुआ। पहले दो सेट तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, लेकिन तीसरे सेट में जूनियर टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। कार्यक्रम के अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को विशाल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब का किया गया शुभारंभ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय अंचलों में सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने श्री रजवाड़ा होटल एण्ड रेस्टोरेंट में डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब का शुभारंभ किया।



जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना और विभिन्न विभागों की प्रत्येक योजना से गांव के अंतिम व्यक्ति को जोडना है। इसके लिए शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, आदि कर्मयोगी, व्यावसायिक कार्यकर्ता सहित अन्य सहयोगी, अशासकीय संस्था, स्वसहायता समूह, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीण युवा साथी बनकर गांव के अंतिम व्यक्ति तक एक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। उन्होंने सभी से आदि कर्मयोगी अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की।

**शुभांक**

**6-7-8**

**778-2 780-5**

**भाग्यांक**

**466-6 799-5**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव (छ.ग.)

// बंधक प्लाट आदेश //

क्रमांक / 4155 / अ0वि0अ0/प्र.1/2025 राजनांदगांव दिनांक 01/09/2025

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 (कं0-1 वर्ष 1994) कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्तें नियम 1999 व यथा संशोधित के अनुरूप आवेदक श्री विनोद बोहरा आ0 श्री जेठमल बोहरा डायरेक्टर महावीर इन्फाकान प्रा0लि0 निवासी सनसिटी कंचनबाग राजनांदगांव के निज स्वामित्व की ग्राम फरहद प0ह0नं0 29 स्थित भूमि ख0नं0 32/196 रकबा 0.1949 हे0 पर आवासीय प्रयोजन (भू-खण्डीय विकास) हेतु कालोनी विकास अनुज्ञा इस न्यायालय के रा0मा0क 202508090700069 अ/89 (13) वर्ष 2024-25 के द्वारा दिनांक 01/09/2025 को जारी किया गया है।

कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्तें नियम 199 के नियम-12 व यथा संशोधित के अनुसार कमजोर आय वर्ग के लिए सुरक्षित रखे गए भू-खण्डों को छोड़कर शेष भू-खण्ड के 15 प्रतिशत की संख्या में भू-खण्ड सक्षम अधिकारी के पास बंधक रखा जाता है। ये भू-खण्ड नियम 13 के उप नियम (2) के अध्यधीन रहते हुए कालोनी का आंतरिक व बाह्य विकास कार्य पूर्ण होने पर बंधनमुक्त किए जाएंगे तथा विक्रय हेतु कालोनाईजर को उपलब्ध रहेंगे। नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अनुमोदित अभिन्यास अनुसार बंधक प्लाट का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | प्लाट नं. | रकबा (व.मीं) |
|---|---|---|
| 1 | एच-45 | 146.10 |
| 2 | एच-46 | 135.00 |
| कुल | 02 | 281.00 |

अनुविभागीय अधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

# नाले में बहे युवक की लाश सुबह झाड़ियों में मिली



### मामला - ठाकुरटोला नाला का

**डोंगरगढ़/ बेलगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बेलगांव से मोहारा जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम कोलेंद्रा ङ्क ठाकुर टोला के मध्य स्थित नाला में अचानक आई बाढ़ से मार्ग में बने स्टॉप डैम कम रपटा को पार करते समय युवक के बह जाने से उसके खोजबीन में पूरा गांव इकट्ठा हो गया। किंतु देर रात तक युवक का पता नहीं चल पाया। पूरी रात परिजन परेशान रहे। प्रशासन की ओर से तैनाद रेस्क्यू टीम को सुबह झाड़ियां में फंसे युवक की बॉडी मिली। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार,शनिवार शाम को हुई तेज बारिश और डंगोरा डैम में चल रहे उलट के कारण नाला में अचानक बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। ग्राम कोलेंद्रा निवासी मिथिलेश वर्मा पिता शिवप्रसाद वर्मा उम्र 35 वर्ष किसी काम से खैरागढ़ गया था। युवक ठाकुर टोला होते हुए अपने घर पैदल नाला पार करते हुए जा रहा था। तभी युवक का पैर फिसल गया और वह तेज बहाव वाले पानी की चपेट मैं आकर नीचे गिर गया। नीचे गिरने के बाद युवक लापता हो गया । गांव वालों ने बताया कि स्टॉप डैम कम रपटा में सात गेट लगे हुए हैं।जिसमें से मात्र चार गेट ही खुले हैं। बाकी गेट खराब हो चुके हैं। जिसे विभाग द्वारा मरम्मत नहीं कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि,अगर सभी गेट खुले रहते तो पानी पुलिया के ऊपर नहीं आता। घटना स्थल पर 112 एवं मोहरा पुलिस की टीम पहुंच चुकी थी।



प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही ने ली युवक की जान ङ्क सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित स्टाफ डैम कम रपटा का निर्माण वर्षों पूर्व किया गया था।किंतु आवश्यक मरम्मत कार्य नहीं किए जाने के कारण इसके अनेक गेट क्षतिग्रस्त होने के कारण बंद हो गए थे। इसके अलावा सिंचाई विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी द्वारा अन्य गेटों को खोला नहीं गया था। इसके कारण पानी का जलस्तर बढ़ गया और पानी रपटा (पुल) के ऊपर से होकर बहने लगा। सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित इस रपटा(पुल) का उपयोग बेलगांव से मोहरा जाने वाले ग्रामीण वर्षों से करते आ रहे हैं। अत्यधिक सकरे इस मार्ग से हमेशा नाला में गिरने का खतरा सामान्य दिनों में भी बना रहता है। मार्ग सकरा होने एवं मार्ग के दोनों और रेलिंग नहीं लगने के कारण आने-जाने वाले ग्रामीणों को नाले में गिरने का भय हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि ,सिचाई विभाग का ये स्टॉप डेम (रपटा ) का गेट अगस्त महीने मे क्यों बंद रखा गया। अगर गेट खुला होता तो ऊपर से पानी नहीं बहता और आज एक युवक की मौत नहीं होती।

**क्षेत्र की जिम्मेदार जनप्रतिनिधि नदारत -**

बेलगांव से मोहरा के बीच स्थित ग्रामों में अत्यधिक वर्षा होने के कारण अनेक घटनाएं घट चुकी है।कुछ दिन पूर्व कोलेंद्रा ङ्क ठाकुर टोला मार्ग में बने एक अन्य पुल के धराशाई हो जाने एवं नाले का पानी गांव में घुस जाने से अनेक मकान क्षतिग्रस्त हुए थे।एवं अनेक किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा था। दोनों ही घटना के समय क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों का पीड़ितों के प्रति संवेदना प्रकट नहीं करना, गैर जिम्मेदारना कृत्य के रूप में देखा जा रहा है। विधायक श्रीमती हर्षिका स्वामी बघेल ने दोनों ही घटनाक्रम को संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा किसी भी जनप्रतिनिधि ने इतने बड़े घटनाक्रम को संज्ञान में नहीं लिया। ग्रामीणों को प्रभावहीन पंचायत प्रतिनिधियों के भरोसे छोड़ दिया गया। जिससे ग्रामीणों मेंआक्रोश देखा जा रहा है।

## फैक्ट्री का जहर गांव की नदी बनी नाली, मवेशियों तक का जीना मुश्किल



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गांव की नदी अब जीवन नहीं, जहर उगल रही है। ग्राम आसरा के आश्रित गांव अड़ाम में स्थित नदी-नाले आजकल बदबूदार और काले पानी से भर चुके हैं। वजह है ङ्क पास की जय गुरुदेव राइस मिल और वर्धमान राइस मिल, जो बिना फिल्टर का गंदा पानी सीधे बहा रही हैं।

**गांव का सहारा ही दूषित**

ग्रामीण बताते हैं कि यही नाले नहाने और मवेशियों के पीने का एकमात्र सहारा हैं। अब हाल यह है कि मवेशी पानी के पास तक नहीं जाते और नदी में मछलियां लगातार मर रही हैं।

**पिछले साल भी मिला था आश्वासन**

ग्रामीणों ने कहा ङ्क पिछले साल भी यही स्थिति बनी थी। तब फैक्ट्री प्रबंधन ने शुद्धिकरण प्लांट लगाने का भरोसा दिया था, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी कुछ नहीं हुआ।

**ग्रामीणों का दर्द, प्रशासन तक**

गांव समिति अड़ाम के सचिव देवेंद्र डौगली और ग्रामीण Hetram ने बताया कि अब मजबूर होकर सभी ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। मांग की गई है कि फैक्ट्री के इस कचरे पर तुरंत रोक लगे।

ग्रामीणों ने चेताया कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में गांव का जीवन और भी संकट में पड़ जाएगा।

**भास्कर ने उठाया था मुद्दा**

दैनिक भास्कर ने रविवार को ही इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपकर अपनी आवाज़ प्रशासन तक पहुंचाई है। अब देखना यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी गांव की इस गंभीर समस्या पर कार्रवाई करते हैं या नहीं।

## नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग का बोरी.स्कूल में सोलो डांस सम्पन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय बल्देवबाग स्थित नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल का ष्सोलो डांसष् प्रतियोगिता का आयोजन नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल.बोरीए में दिनांक 31 अगस्त को कक्षा. 1 से 5 के बच्चों ने अपना.अपना परफार्मेंस दिया। जिसमें सभी छात्र.छात्राओं द्वारा मनमोहक डांस की प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें नए व पुराने सुप्रसिद्ध गीतों के साथ देशभक्ति एवं भजन गीतों की धून पर आकर्षित डांस करते हुए बच्चों ने उपस्थित पालकोंए दर्शकों एवं शिक्षक.शिक्षिकाओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम कर शुभारंभ स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं श्रीमती सोनल बाजपेयी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात् संक्षिप्त उद्बोधन में श्री बाजपेयी ने नृत्य से संबंधित विभिन्न बातों पर प्रकाश डालते हुए कहा किए जीवन में नृत्य की उपयोगिता इसलिए है क्योंकिए नृत्य एक साधना हैए नृत्य में एकाग्रता का जैसा स्थान है वैसे ही जीवन में भी एकाग्रता का महत्व है। नृत्य एक कला है वैसे ही जीवन जीना भी एक कला है। साथ ही साथ श्री वाजपेयी ने कहा कि जीवन और नृत्य एक दूसरे के पूरक हैं। इसके साथ ही साथ वाजपेयी जी ने पालकों का बहुत.बहुत आभार जताया कि उन्होंने अपने बच्चों को इस कार्यक्रम हेतु प्रेरित किया एवं उन्हें आकर्षित वेशभूषा से सुसज्जित किया एवं बच्चों के मनोबल को बढ़ाने में पालकों की विशेष सहभागिता रही। प्रतियोगिता में कक्षावार छात्रों को अलग.अलग समुहों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न करायी गई एवं उक्त डांस प्रतियोगिता में प्रथमए द्वितीय तथा तृतीय स्थान में चयनित छात्र.छात्राओं का चयन आमंत्रित सम्मानित निर्णायक मण्डल द्वारा किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टरगण श्रीमती सोनल बाजपेयीए श्रीमती रेणु बाजपेयीए श्रीमती पुष्पा बाजपेयीए कुण् कुंतल बाजपेयी व एनबीआईएस.बोरी प्राचार्या श्रीमती एकता गांधीए एनपीपीएस.प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लईए हैड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंगए स्नेहा तिवारी मैमए एनएफएस हैडमिस्ट्रेस श्रीमती मधुजा शास्त्री सहित सभी स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।




## लखोली के अंबे धाम सिद्धिविनायक मंदिर में पंचमी पर पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने की विशेष पूजा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लखोली स्थित अंबे धाम सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में पंचमी के अवसर पर भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान पूर्व महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने गणेश जी की विशेष पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति की ओर से श्रीमती देशमुख तथा अन्य अतिथियों का गणेश भगवान का फोटो फ्रेम, आरती पत्रिका और प्रसाद देकर सम्मान किया गया। पंचमी की संध्या पर पूर्व महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, पार्षद हमींन हुड्डा एवं मानव देशमुख अंबे धाम सिद्धिविनायक गणेश मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान गणेश की आरती कर विशेष पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात मंदिर समिति की ओर से उनका मंदिर प्रांगण में विशेष सम्मान किया गया।



श्रीमती देशमुख ने इस अवसर पर भंडारे में प्रसादी भी ग्रहण की। श्रीमती देशमुख ने कहा कि जनता कॉलोनी के इस अद्भुत मंदिर में पंचमी के दिन आरती करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि यहां विराजमान गणेश जी की आकर्षक प्रतिमा का दर्शन मात्र से जीवन धन्य हो जाता है। विघ्नहर्ता गणेश सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करें और सबके जीवन में सुख-समृद्धि लाएं, यही प्रार्थना है। उन्होंने मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे की सराहना करते हुए कहा कि उनकी व्यवस्था हमेशा उत्तम रहती है और वे समाजसेवा में निरंतर अग्रणी भूमिका निभाते हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे ने बताया कि गणेश चतुर्थी से शुरू होकर पूरे 11 दिनों तक प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की।

## अंतरशालेय लिटररी फेस्ट प्रतियोगिता में गायत्री विद्यापीठ का शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ के कक्षा 3रीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर विभिन्न प्रतियोगिताएँ जीती। यह प्रतियोगिता 30 अगस्त को दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में आयोजित थी जिसमें विभिन्न जिले के विद्यार्थीगण इस प्रतियोगिता में शामिल थे। निर्णायक मण्डल की टीम में फ्रांस के रचनाकार भी आमंत्रित थे जिन्होंने गायत्री विद्यापीठ के प्रतियोगी विद्यार्थियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। विभिन्न क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं । पोयम रेसिटेशन स्पर्धा में कक्षा 3रीं से युवानी साहू तृतीय स्थान, स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में कक्षा चौथी से याना खण्डेलवाल प्रथम स्थान, जयेश साव तृतीय स्थान, एडव्हरटाईजमेंट प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं से अनन्या सोनी को प्रथम स्थान, कैरेक्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगि में कक्षा 7वीं से अनन्या राजपूत को तृतीय स्थान, रोल प्ले प्रतियोगिता में कक्षा 8वीं से अल्फिया अंसारी को तृतीय स्थान, ड्रामेटिक स्कीट प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं से आशीष साहू, ढालेन्द्र साहू, डिम्पल साहू, दोना जैन, गुलशन साहू, माधवी ठाकुर, मानसी श्रीवास्तव, सिद्धिकाश्री को तृतीय स्थान, रेडियो जॉकी प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं के अविरल अग्रहरि, सुधांशु चौधरी को द्वितीय स्थान, डिबेट प्रतियोगिता में आकाश सोनवानी कक्षा 11वीं से तृतीय एवं कक्षा 12वीं से अदिति सिन्हा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उक्त सभी प्रतियोगिताओं में विद्यालय के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष श्री मेलकम दास, शिक्षिका श्रीमती वाणी मुदिराज का विशेष योगदान रहा। साथ ही शाला की शिक्षिका श्रीमती वसुधा लड्ढा, श्रीमती रेणुका दास, सुश्री ऐश्वर्या श्रीवास्तव, ड्राईंग शिक्षक श्री युगल किशोर मंडावी, श्रीमती दीप्ति गुप्ता द्वारा भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया।




### न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

//उद्घोषणा //

रा.प्रक- 202508291500007
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2024-25
क्रमांक 5500/वा. नजूल / 2025
खैरागढ़, दिनांक 21/08/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक / क्रेता शिशिर सिंह बघेल आ0 एच0डी0 बघेल निवासी एफ-8, 32 बंगला पेट्रोल पम्प के पास खैरागढ़ जिला-के0सी0जी0 द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला राजफैमिली ब्लॉक नं-04, भू-खण्ड भूखण्ड कमांक-138/3, भू-खण्ड कमांक-139/2 रकबा क्रमशः 907 वर्गफूट एवं 483 वर्गफूट कुल क्षेत्रफल 1390 वर्गफूट को पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 08.07.2024 के माध्यम से अनावेदक / विक्रेता श्रीमती नेहा जैन पति श्री ललित जैन निवासी शिक्षक नगर दुर्ग तहसील एवं जिला-दुर्ग से कय उपरांत उक्त वाद भूमि संबंधी अभिलेख पर अपना नाम दर्ज किए जाने नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21-08-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया ।

सील

नजूल अधिकारी
खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

## अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 02 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**इलियास खान**

**बलौदाबाजार ( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में ग्राम खोखली में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 02 आरोपियों को पकड़ा गया है। मुखबिर सूचना पर आज दिनांक 31.08.2025 को थाना भाटापारा ग्रामीण की पुलिस टीम द्वारा जयस्तंभ चौक के पास खोखली में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने के लिए ग्राहकों की तलाश करने वाले 02 आरोपियों को मोटरसाइकिल सहित पकड़ा गया है।



इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपियों एवं उनके मोटरसाइकिल का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपियों के पास रखे झिल्ली में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 2.100 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य ?32,000 है। साथ ही प्रकरण में आरोपियों से 02 मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। कि प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण मे अपराध क्र. 569/2025 धारा 20 B NDPG एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है। आरोपियों के नाम- 1. हरिशंकर वर्मा उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम मोपका थाना भाटापारा ग्रामीण 2. लुकेश साहू उम्र 27 साल निवासी ग्राम गोरदी थाना हथबंद

## नांदगांव-कवर्धा के कांग्रेस नेताओं ने पूर्व मंत्री अकबर का किया स्वागत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव के पूर्व प्रभारी मंत्री व पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर के जन्मदिन और उमरा हाजरा से लौटने पर बीते दिनों राजनांदगांव और कवर्धा के कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात कर बधाई दी। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री अकबर ने राजनांदगांव और कवर्धा के कांग्रेस नेताओं से राजनांदगांव की सियासी स्थिति को लेकर चर्चा की। साथ ही प्रदेश में संगठन सृजन के तहत पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया को लेकर भी जानकारी ली। राजनांदगांव की सांगठनिक स्थिति पर भी उन्होंने चर्चा की। अकबर के राजधानी निज निवास में कांग्रेसी नेताओं ने मुलाकात के दौरान संगठन की मौजूदा स्थिति पर लंबी मंत्रणा की। बताया जा रहा है कि जल्द ही प्रदेश संगठन के माध्यम से ब्लॉक स्तर में नए पदाधिकारी मनोनीत किए जाएंगे। ऐसे में संगठन की स्थिति के मजबूत होने की संभावनाएं बढ़ जाएगी। पूर्व मंत्री अकबर ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के विषय पर भी आवश्यक जानकारी ली। पूर्व मंत्री अकबर से मुलाकात के दौरान रमेश खंडेलवाल उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण राजनांदगांव, रवि साहू जिला महासचिव युवा कांग्रेस, घनश्याम साहू पंडरिया, होरी साहू कांग्रेस जिलाध्यक्ष कवर्धा, सीमा अगम अनंत पूर्व जिपं अध्यक्ष, उत्तरा दिवाकर ब्लॉक अध्यक्ष पुंडा, अशोक सिंह शहर कांग्रेस अध्यक्ष कवर्धा, चंद्रशेखर साहू मंडल अध्यक्ष पंडरिया, मेहुल सत्यवंशी कवर्धा, सितेश चंद्रवंशी जिलाध्यक्ष एनएसयूआई, गोपाल चंद्रवंशी संगठन महामंत्री कवर्धा, मनोज चंद्रवंशी कवर्धा समेत अन्य लोग शामिल थे।



### न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र.-202509291500001 शीर्ष-अ-6 वर्ष 2024-25
क्रमांक 5637/ वा. नजूल / 2025 खैरागढ़, दिनांक 01/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण राधेलाल देवांगन आ0 मेहतर, श्रीमती पुन्नी पति स्व0 गिरधारी, कैलाश एवं प्रेमलाल दोनों आ0 स्व0 गिरधारी सभी निवासी वार्ड कमांक-06 बरेठपारा खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला गोलबाजार, ब्लाक नं. 06, स्थित भूखण्ड कमांक 165 कुल क्षेत्रफल 1560 वर्गफूट को संयुक्त रूप से पंजीकृत विभाजनपत्र दिनांक 28.07.2025 के माध्यम से बराबर भागों में विभाजन पश्चात उपरोक्त विभाजन विलेख निष्पादन के आधार पर अपने-अपने नाम दर्ज किए जाने हेतु नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
खैरागढ़ छुईखदान-गण्डई

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में चंद्रयान से चुनाव तक पहल की शुरूआत किसने की?*


*2) किस राज्य का स्कूल ग्रीन स्कूल अवार्ड 2024 पाने वाला पहला पूर्वोत्तर राज्य का शिक्षण संस्थान बना है?*

*3) हाल ही में, मिसेज वर्ल्ड 2025 का खिताब किसने जीता है?*

*4) हाल ही में विषय कैंसर दिवस 2025 कब मनाया गया?*

*5) चर्चा में रहा एपिकोकम इंडिकम क्या है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) भारतीय चुनाव आयोग (2) सिक्किम (3) त्सोगो गेलई (4) 4 फरवरी (5) फाइटोपैथोजेनिक कवक

## कबीरधाम पुलिस की कार्रवाई ङ्ग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों की अब खैर नहीं

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और असामाजिक तत्वों में सख्त संदेश देने के उद्देश्य से थाना स. लोहारा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर सीधी कार्रवाई की गई, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसी हरकत करने से पहले सौ बार सोचे।अभियान का पर्यवेक्षण अनुभागीय अधिकारी द्वारा किया गया तथा कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की। इस दौरान आबकारी अधिनियम के तहत कुल 7 प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों को रंगे हाथ पकड़ा और थाने तक पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक ने साफ कहा है कि जिले में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन की किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों को सीधे जेल भेजा जाएगा और ऐसे कृत्यों को कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ माना जाएगा। कबीरधाम पुलिस का स्पष्ट संदेश है - कानून तोड़ोगे तो सीधे सलाखों के पीछे जाओगे, शराब पीकर सड़क पर हंगामा करने वालों के लिए जिले में कोई जगह नहीं। यह अभियान लगातार जारी रहेगा और हर ऐसे व्यक्ति को सबक सिखाया जाएगा जो कानून को हल्के में लेता है। पुलिस जनता से अपील करती है कि यदि कहीं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की घटना दिखे तो तुरंत सूचना दें, ताकि दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।




## इंतकाल

**शैयदून बी**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शैयदून बी निवासी खूंटापारा आजाद वार्ड नंबर 01 जो कि कांग्रेस नेता मतीन खान की नानीजान थी। जिनका इंतकाल 31 अगस्त को अस्वस्थ रहने के कारण हुआ है। जिनका जनाजा मुस्लिम कब्रिस्तान में समाज के तमाम लोगों के साथ नगर गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में उनकी रूह का कफ़्न दफ़्न कर मृत आत्मा की शांति के लिए दुवा की गई।



## निधन

**रामबाई गंजीर**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लाक के ग्राम खुर्सीपार निवासी रामबाई पति द्वारिका गंजीर 75 वर्ष का निधन 31 अगस्त को हो गया है रामबाई के अंतिम संस्कार 1 सितंबर को गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया अंतिम संस्कार कार्यक्रम में मोहल्लेवासी, ग्रामवासी, परिवार वाले, और सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए थे वे देवकुमार गंजीर और पीयूष गंजीर के मां थी।



# जिला साहू संघ ने किया प्रदेशाध्यक्ष डॉ.नीरेन्द्र साहू का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान

## आत्मीय सम्मान के लिए आप सभी का आभार ,आप सबका विश्वास बनाने का होगा प्रयास- डॉ.नीरेंद्र साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रविवार को जिला साहू संघ के साहू सदन महिलाओं के उपास्थि से खचाखच भरा था, अवसर था, नवनिर्वाचित निर्विरोध अध्यक्ष (मुखिया )बने डॉ. नीरेंद्र साहू जी के शपथग्रहण पश्चात तीज मिलन समारोह में मौजूदगी तीज मिलन समारोह के उत्साह को और दोगुना करने में सहायक रहा। जिला साहू संघ नगर साहू, और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीज मिलन समारोह एवं सम्मान में पधारे खुज्जी के जनप्रिय विधायक भोलाराम साहू ,विभा साहू, जिला पंचायत सदस्य जिलाध्यक्ष भागवत साहू,नगर साहू संघ के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष तीजेश्वरी साहू के मौजूदगी में तैलीय वंशज आराध्य देवी भक्त कर्मा माता जी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना व सामूहिक आरती गाकर ,तीज मिलन एवं सम्मान समारोह का श्रीगणेश किया। परंपरागत रुप से अतिथि देवों भव: मानतें हुए उनका माला पहनाकर पुष्प गुच्छ गुच्छ भेंटकर, चंदन तिलकाभिषेक कर स्वागत पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। तत्पश्चात तीज मिलन समारोह में विशेष रूप से महिलाओं के लिए आयोजित रस्सी खींच, मटका फोड़, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिता का आगाज हुआ।अपने निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दूसरे सत्र में नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान समारोह का आयोजन था।जिसकी शुरुआत नव निर्वाचित निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बने डॉ.नीरेंद्र साहू प्रदेश पदाधिकारियों ने माता कर्मामाता जी के श्री चरणों में समाज के सभी वर्गो के लिए सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांग की।इस अवसर पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के अगुवाई में शपथग्रहण पश्चात प्रथम बार जिला साहू संघ के साहू सदन में शुभागमन पर डॉ.नीरेंद्र



साहू,डॉ.तिलक साहू -प्रदेश उपाध्यक्ष, सत्यप्रकाश साहू, श्रीमती साधना साहू, डॉ.सुनील साहू, श्रीमती बीना साहू, प्रदीप साहू, का पुष्प गुच्छ देकर एवं भव्य आकर्षक स्मृति चिन्ह भेंटकर चंदन तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।अपने उदबोधन में विधायक भोलाराम साहू ने सभी बहनों को तीज मिलन समारोह की बधाइयां और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में ऐसे रचनात्मक कार्यों की निरंतरता बनी रहनी चाहिए।निर्विरोध नव निर्वाचित शपथग्रहण लेने के बाद प्रथम पधारे घोरदा के माटीपुत्र डोंगरगांव निवासी डॉक्टर नीरेंद्र साहू ने अपने आत्मीयता भरे संबोधन में कहा कि आप लोगों ने मेरे प्रति विशेष स्नेह दिखाते हुए समाज के मुखिया के रुप में बागडोर सौंपा गया है, जो कि एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। आप लोगों ने मुझे एक समय में जिला साहू संघ में जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा था। समाज के वरिष्ठ सियान के द्वारा आपके माध्यम से आज प्रदेशाध्यक्ष महत्वपूर्ण का दायित्व सौंपा है गया है,और जहां मैं जिला अध्यक्ष के पद पर रहा आज उसी सदन में ऐतिहासिक गौरवशाली स्वागत अभिनंदन से भाव विभूर हूं।समाज के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.साहू ने आगे कहा कि साथ ही जो प्रदेश की टीम प्रदान की है उसे साथ लेकर चलेंगे तथा आप लोगों के उम्मीद और विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास होगा।उन्होंने कहा कि जल्द ही इकाई से लेकर से लेकर जिला का चुनाव निर्विरोध निर्वाचित करने की अपने संकल्पों को दुहराया।इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष डॉ.नीरेंद्र साहू ने तीज मिलन समारोह उपास्थित महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते अपने सहित प्रदेश पदाधिकारियों के लिए आयोजित सम्मान कार्यक्रम के लिए आयोजकों का आत्मीय आभार जताया।भागवत साहू ने कहा कि यह हमारे जिले के लिए गौरव एवं ऐतिहासिक पल है कि समाज के अनुभव वान सब को साथ लेकर चलने वाले हमारे अपने बीच के हमारे सबके सामाजिक गुरु डॉ.नीरेंद्र साहू जी प्रदेश के अध्यक्ष पद पर शुशोभित हुए हैं, इसमें भी आप सभी की शुभकामनाएं निहित है।इस दौरान साहू सदन में आयोजित स्पर्धा जैसे रस्सी खींच के प्रथम स्थान में श्रीमती गीतेश्वरी साहू की टीम, (2)कुर्सी दौड़ में प्रथम चंद्रकला साहू पेंड्री,(3) मटका फोड़ स्पर्धा के प्रथम तारणी साहू चिखली सहित द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभाशाली महिलाओं को आकर्षक पुरष्कार एवं प्रमाण पत्र अतिथि के करकमलों से उन्हें प्रदान किया गया।इस अवसर पर मीडिया प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष - प्रवक्ता अंकालू साहू का उत्कृष्ट योगदान के लिए मंचस्थ आगंतुकों के बीच गुलदस्ता भेंटकर महिला प्रकोष्ठ के द्वारा विशेष रूप सम्मानित किया।कार्यक्रम का लयबद्ध विषय अनुरूप सफ्ल संचालन नीलमनी साहू एवं श्रीमती पूनम साहू ने किया।

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

## सांसद संतोष पाण्डेय एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ जनजातीय परिवारों तक पहुँचाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज महाराजपुर स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद श्री संतोष पाण्डेय एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर



पर उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ने और योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुँचाने में मास्टर ट्रेनर्स की अहम भूमिका होगी। इस दौरान कलेक्टर , जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, सहायक आयुक्त एलपी पटेल सहित जनप्रतिनिधि, ट्रेनर्स उपस्थित थे। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि च्आदिज्ज् शब्द का अर्थ आदिवासी है और यह शब्द हमें आदिकाल की ओर ले जाता है। इसी भावना के साथ पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण उत्थान के लिए स्वतंत्र मंत्रालय की घोषणा की थी, जो एक ऐतिहासिक योगदान था। उन्होंने कहा कि इस देश में महात्मा गांधी, डॉ. लोहिया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सदैव गरीबों को केंद्र में रखकर अंत्योदय की अवधारणा पर कार्य किया। आज मास्टर ट्रेनर्स उसी विचार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

## आबकारी विभाग के खिलाफपनप रहा आक्रोश, क्षेत्र में जमकर अवैध शराब बिक्री

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नही बची है , क्षेत्र में जिधर देखो उधर अवैध शराब की बिक्री की जा रही है, कहीं गांजा की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है , अवैध कामों में समाज से भटके इन युवाओं को तो कानून का कोई डर ही नही है, आखिर क्युं ? क्या जिम्मेदार विभाग सिर्फ अपनी ऊपरी कमाई के चाहत में आने वाले देश के भविष्य को बर्बाद करना चाह रहे है, और नही तो इन अपराधियों पर कानून का शिकंजा क्यो नही ? आखिर क्यो वह इतना बैखौफ होकर इस तरह के गलत कार्यो को कैसे अंजाम दे सकते है। छुरिया विकासखण्ड के आश्रित मोक्षधाम के नाम से प्रसिद्ध सांकरदाहरा का नाम इस विषय पर जग जाहिर ही है, पर इन दिनों सर्वाधिक सुर्खियो में छुरिया विकासखण्ड के आश्रित ग्राम जोंधरा जहा इन दिनों बाहरी ग्रामीणो द्वारा आकर ग्राम के बाहर में अघोषित भट्ठी संचालित की जा रही है बताया जाता है सुबह से ही ग्राम जोंधरा स्थित नवनिर्मित गौठान पर मदिरा प्रेमियों का जमघट लगना आरंभ हो जाता है जो रात के लगभग 8 से 9 बजे तक जारी रहता है जब से ग्राम जोंधरा में अवैध शराब का बिक्री प्रारंभ हुआ है तब से ग्राम में असामाजिक तत्वों का आना-जाना बढ़ गया है वहीं अवैध शराब बिक्री चलते युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है।




## जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ कलार समाज का तीज मिलन समारोह लाल बहादुर नगर मे सम्पन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम लाल बहादुर नगर में छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज महिला मंच जिला राजनांदगांव का तीज मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें हजारों महिलाओं ने अपनी सहभागिता निभाई कार्यक्रम में महिलाओं अनेकों प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें दूरदराज से महिलाए शामिल हुई। नगर पंचायत क्षेत्र लाल बहादुर नगर मंडल बहुउद्देशीय भवन में आयोजित तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर अतिथि के रूप में जिला पंचायत्र के अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, प्रदेश अध्यक्ष महिला बंच की प्रमिला सिन्हा ,उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू ,जिल पंचायत सदस्य श्रीमती शिला सिन्हा,सभापति प्रशांत कोड़ापे,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे,प्रदेश महिला कांग्रेस की महामंत्री श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता सिन्हा,नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू सहित पार्षद गण भी उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे देव पूजन से प्रथम सत्र में खुर्सी दौड़, मटका फोड़, मोमबत्ती जलाना, गीत-संगीत व पारंपरिक खेल का आरंभ हुआ साथ ही तीज क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र बनी रही ,महिलाओं के उत्साह वर्धन के लिए बच्चे बुजुर्ग,युवा सभी शामिल हुए कार्यकम में अतिथियों का सम्मान किया प्रदेश महिला मंच अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए कार्यकम के संबद्ध में जिला प्रचार प्रसार मंत्री पवन सिन्हा , जितेंद्र सिन्हा ने बताया कि समाज की महिलाओं के द्वारा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने व आशीर्वाद प्रदान करने जिले संरक्षक ठाकुर राम सिन्हा, अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना, महिला मंच अध्यक्ष निर्मला सिन्हा समेत कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित आयोजन में मुख्य रूप रूप मे पधारे छत्तीसगढ़ कलार समाज के प्रदेश संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा प्रदेश महामंत्री रिखिराम सिन्हा प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ बिसंभर सिन्हा प्रदेश वरिष्ठ भाजपा उपाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद डड़सेना राजनितिक प्रकोष्ठ सदस्य एकनाथ सिन्हा महिला मंच संरक्षक किरण सिन्हा प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा प्रदेश महामंत्री त्रिवेणी सिन्हा राजनांदगाव जिलाध्यक्ष शिव शंकर डड़सेना महामंत्री गंगा राम सिन्हा कोषाध्यक्ष पूनम सिन्हा राजनांदगाव महिला मंच अध्यक्ष निर्मला सिन्हा महामंत्री चंद्रा सिन्हा कोषाध्यक्ष हंसा सिन्हा महिला मंच कार्यकारिणी सदस्य अनीता सिन्हा उषा सिन्हा पूर्व जनपद सदस्य युवा मंच जिलाध्यक्ष लुकेश सिन्हा कोषाध्यक्ष टीकम सिन्हा एल.बी नगर मंडल महिला मंच अध्यक्ष पुष्पा सिन्हा राजनांदगाव जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता दागेन्द्र सिन्हा, ग्राम कोटरा सरार के महिला सरपंच धनेश्वरी जनक सिन्हा ग्राम गिरगांव तिलेश्वरी गिरधारी सिन्हा के महिला सरपंच एवं समस्त राजनांदगाव जिला एवं ग्राम के महिलाओ व महिला प्रमुख ग्राम प्रमुख यह कार्यक्रम मे शामिल हुए।



## दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम को सुनने के लिए समूह की महिलाओं में रहा विशेष उत्साह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जिला पंचायत के सभाकक्ष में दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम जिला पंचायत, सभी जनपद पंचायत मुख्यालयों और सीएलएफ सेंटर में की गई। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को शासन की योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। दीदी के गोठ कार्यक्रम में बिहान समूह की आत्मनिर्भर बन चुकी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। दीदी के गोठ रेडियो प्रसारण सुनने के लिए जनपद पंचायत, संकुल संगठनों एवं ग्राम संगठन स्तर पर बिहान की स्वसहायता समूह सदस्यों ने उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अपने बीच की ही महिला का प्रसारण सुनने हेतु महिलाओं में अलग ही उत्साह नजर आया। स्वयं इस कार्यक्रम को सुनने की इच्छा जागृत हुई तथा आत्मविश्वास बढ़ा। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम को सुनने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम जनपद पंचायत डोंगरगढ़, जनपद पंचायत डोंगरगांव सहित जनपद पंचायत छुरिया में आयोजित किया गया।



# धर्म समाचार....

# 'गणेश जी की मुद्राओं में छिपा जीवन संदेश'

प्रथम पूज्य, विघ्नहर्ता, मंगलमूर्ति गणेश जी सभी वर्ग, समाज और उम्र के लोगों में पूजनीय हैं और तों और भारत वर्ष के लगभग प्रत्येक हिंदु घरों में इनकी प्रतिमा स्थापित करके पूजा करने का रीवाज हैं। और संयोग से इस समय गणेशोत्सव का त्यौहार गतिमान हैं अत: हम सभी के घरों में समस्त गणों के अध्यक्ष मूर्तियों में सूक्ष्म रूप से विद्यामन हैं। इंसान में अगर सिखने की चाह हों तों कहीं से भी अच्छी सीख प्राप्त कर अपना जीवन सफ्ल बना सकता हैं और इसीलिए तरह हम हमारे घरों में गणेश जी की मूर्ति या चित्रकृति से बहुत कुछ सीख सकते हैं। आइये बताते हैं आपको हम गणेश जी के प्रतिक यांनी उनकी सिर्फ प्रतिमा से क्या क्या सिख सकते हैं।

आप सभी यदि मूर्ति कों ध्यानपूर्वक देखें तों सर्वप्रथम देखेगे की वें किस आकृति (पोज़) में बैठे हुए हैं। आप देख पाएंगे की उनका एक पैर ऊपर तथा एक पैर नीचे की ओर मुड़ा हुआ होता है और जो पैर नीचे की ओर मुड़ा हुआ होता है, उस पैर की सिर्फ ऐड़ी ही धरती को छूती है। इसका अर्थ यह है कि हमें इस संसार में हर सांसारिक लीला करनी है, सबके बीच रहना है, सारे रिश्ते निभाने हैं, काम-कारोबार करना हैं, लेकिन 'सबसे अनासक्त' भी रहना है। किसी के संस्कार के प्रभाव में आकर हमें अपने आध्यात्मिक सिद्धांत को नहीं छोड़ना है।

**इतनी महानता, इतनी दिव्ता होने के बाद भी गणेश जी का वाहन क्या सिख देता हैं?**

प्रथम पूज्य होने के कारण उनका आसन या वाहन तों बहुत सुंदर और विराट होना चाहिए। लेकिन गणेश जी कों तो चूहे पर बैठा हुआ देखा हैं हमनें। इसके मतलब क्या हुआ? इसके उत्तर जानने क लिए हमें यह जानना होगा की चूहा किसका प्रतीक है? अगर हम ध्यानपूर्वक देखें तो पाएंगे की चूहा सारा दिन इधर से उधर करता रहता हैं और कुछ न कुछ कुरेदता रहता है, फ्रि चाहे खाने की चीज हो या न हो। चूहें की यह क्रिया हमारी कर्मेंद्रियों का प्रतीक है जो सारा दिन कुछ न कुछ देखती रहती हैं, कुछ न कुछ सुनती रहती हैं, हम किसी भी वक़्त कुछ भी खा रहे होते हैं। चूहा कर्मेंद्रियों के वशीभूत होने का प्रतीक है। जिस प्रकार चूहे की क्रिया होती हैं ठीक उसी तरह हमारा हमारी कर्मेंद्रियों पर संयम खत्म हो गया है और हमें इसे हीं संयमित करने की आवश्कता हैं। और यह कैसे होगा? आगे पढ़िए

जब हम विशाल बुद्धि, दूरदर्शिता, मितभाषिता जैसी बातों को अपने में समा लेंगे, ज्ञान की मर्यादाओं पर चलेंगे, विकारों को कुल्हाड़ी से काटेंगे, सबको आशीर्वाद देंगे और कभी अहंकार नहीं करेंगे तो हम अपनी कर्मेंद्रियों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। यही कारण है कि गणेश जी को चूहे पर बैठा हुआ दिखाते हैं। चूहा सदैव उनके चरणों में है।

अब हम गणेश जी की प्रतिमा कों और ध्यान से देखेंगे तों उनके साथ दिखाती हैं रिद्धि और सिद्धि। इन्हें देखने पर हम समझ पाएंगे की जो व्यक्ति आध्यात्मिक चेतन व महाप्रज्ञा को धारण कर लेता या लेती है, उसके जीवन में समृद्धि और सफ्लता साथ-साथ चलते हैं। उसको इनके लिए कभी भी भागना-दौड़ना नहीं पड़ता है। मेहनत नहीं करनी पडती व संघर्ष नहीं करना पड़ता। एक बहुत सुंदर कहानी याद आ रहीं है। एक बार की बात हैं गणेश जी और उनके भाई कार्तिकेय को कहा गया कि सारी दुनिया का एक चक्कर लगाकर आओ। उनके भाई ने तो मयूर पर बैठ कर पूरी दुनिया का चक्कर लगाना शुरू भी कर दिया, लेकिन बुद्धि के देवता गणेश जी ने सिर्फ अपने माता-पिता का ही चक्कर लगा कर पुरे अखिल ब्रह्मांड का चक्कर पूरा कर लिया। आज हम सब अपने-अपने जीवन में खुशी, हेल्थ, रिश्तों और काम के लिए बड़ी मेहनत कर रहे हैं। इतनी मेहनत कर रहें हैं की अपने लिए भी समय नहीं निकाल पा रहें हैं, इसका कारण कि हम अपनी दुनिया को ही नहीं सम्भाल पा रहे हैं, उसको समेट नहीं पा रहे हैं। लेकिन जिसका कनेक्शन परमात्मा के साथ हो गया, उसका हर विचार पवित्र और हर शब्द सटीक होगा, उसके जीवन में खुशी, स्वास्थ्य, सामंजस्य ये सब होंगे।



आज के दौर की सबसे बड़ी समस्या यें हैं की सब भाग तों रहें हैं लेकिन अधिकांश कों उनकी मंजिल का हीं पता नहीं होता की भाग कर आखिर पहुंचना कहाँ हैं और तेज पहुंचने के चक्कर में अक्सर हम जीवन के खूबसूरत सफ्र का आंनद लेना भूल जाते हैं। यदि हम दुनिया का चक्कर लगाने की कोशिश करेंगे तो कभी पूरा नहीं कर पाएंगे। लेकिन परमात्मा से नाता जोड़ लें तो अपनी दुनिया पूर्ण की जा सकती है। क्योंकि जो मन जीत हो जाता है, वो जग जीत अपने आप हो जाता है।

अब मेरा सीधा सवाल आप सब पाठको से हैं की, क्या हम सिर्फ गणेश जी की पूजा करेंगे, उनकी महिमा ही गाएंगे या फ्रि कानफोड़वा डीजे पर भजन बजायेंगे, नहीं। हम सबको भी उन जैसा बनना है या बनने की कम से कम कोशिश शुरू करनी हैं । विघ्नविनाशक बनना है। सबके दु:ख हरकर सृष्टि में पुन: सुख लाना है। गणेश जी की महिमा तब है, जब हम उनकी एक-एक विशेषता को अपने जीवन में धारण करते जाएं। उसके लिए आवश्यक है- परमात्मा से सम्पर्क। ज्ञान को अपने में भरते जाएं, अहंकार रूपी सर को काटते जाएं, आध्यात्मिक चेतना जगाएं, तो हमारा जीवन भी गणेश जी की तरह विघ्न-विनाशक बन जाएगा।



**योगेश कबूलपुरिया**
**वरिष्ठ पत्रकार,**
**कवि, लेखक,**
**स्तंभकार एवं सामाजिक विश्लेषक**

nandgaon times sep-02-3.qxd 9/1/2025 11:56 PM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

**स्वाती स्पोर्ट्स**

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# छत्तीसगढ रजत महोत्सव, नगर निगम के चौपाटी में छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार का हुआ भव्य आयोजन

## महापौर मधुसूदन यादव ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन से सुसज्जित स्टालो का किया शुभारंभ






**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ प्रदेश में राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष में शासन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी कडी में नगर निगम द्वारा आज चौपाटी में छत्तीसगढी व्यंजन तिहार आयोजित किया गया। व्यंजन तिहार में संस्कारधानी के महिला समूह की महिलाओ द्वारा विभिन्न छत्तीगढ़ी व्यंजनों का स्टाल लगाया गया, जिसका महापौर श्री मधुसूदन यादव ने फित्ता काटकर शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार अंतर्गत लगे स्टालो का महापौर श्री यादव ने अपनी धर्म पत्नी श्रीमती करूणा यादव सहित जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूची सिंह के अलावा निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, पूर्व महापौर श्री अजीत जैन, सांसद प्रतिनिधि श्री देवशरण सेन तथा निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा और महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यो श्री राजा माखीजा, श्री डीलेश्वर साहू व श्रीमती वर्षा सिन्हा, पार्षद सर्वश्री शिव वर्मा, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, श्रीमती खेमीन यादव,कमलेश बंधे, मनोहर यादव, श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, प्रमोद झंझाडे, श्रीमती प्रियंका कुरंजेकर, संतोष साहू, रवि सिन्हा, श्रीमती अमृता सिन्हा, सेवक राम उईके,चन्द्रकृत साहू,पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा व श्री विजय राय,पूर्व नामाकित पार्षद श्री हकीम खान के साथ अवलोकन कर छत्तीसगढी व्यंजन का लुप्त उठा महिला स्व सहायता समूह की महिलाओ से व्यंजनों के बारे में चर्चा किया। कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ प्रदेश 25वे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसके उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ सरकार के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ की संस्कृति, विधाओ, खान पान, तीज त्योहार आदि को जन जन तक पहुचाने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कडी में आज नगर निगम द्वारा छत्तीसगढी व्यंजन तिहार का आयोजन चौपाटी में किया गया जहॉ महिला



स्व सहायता समूह की महिलाए छत्तीसगढी व्यंजन चिला, फरा, चौसेला, ठेठरी, खुरमी आदि का स्टाल लगाए है, वही सी मार्ट के द्वारा छत्तीसगढ के खान पान, रागी, मिलेट के अलावा अन्य छत्तीसगढी समानो का स्टाल लगाया गया है। जिसका नागरिको के द्वारा लुप्त उठाया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने निर्देश के अनुक्रम में महापौर श्री यादव जी के अध्यक्षता में आज चौपाटी में छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार का आयोजन किया गया। आयोजन में महिला स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा छत्तीसगढी व्यंजन एवं छत्तीसगढी समानो का स्टाल लगाया गया है। कार्यक्रम में उन्होंने महापौर श्री यादव सहित उपस्थित जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, नागरिको का स्वागत करते हुए कहा कि शासन निर्देशानुसार रजत जयंती के अवसर पर और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। चौपाटी में आयोजित छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, निगम अध्यक्ष श्री वर्मा तथा नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले ने भी अपने उद्बोधन में रजत जयंती वर्ष की बधाई देते हुए अच्छे आयोजन के लिए नगर निगम की सराहना किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर निगम के कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके व श्री दीपक खाण्डे, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता श्री मुनेन्द्र साठिया,श्री तिलक राज ध्रुव, सुश्री आयुषी सिंह, श्रीमती रोमाली शेडे, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव सह. उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी, समयपाल श्री चिराग मेश्राम, शहरी अजीविका मिशन की सीटी मेनेजर सुश्री मोनिका वारडे एवं नगर निगम की टीम की प्रमुख भूमिका रही। इस अवसर पर महिला स्व सहायता समूह की महिलाए एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

## एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**डोंगरगढ़/रामपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत के आने वाले ग्राम रामपुर में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



प्रतियोगिता में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित खैरागढ़, राजनांदगांव, दुर्ग भिलाई व उत्तराखंड की टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें खैरागढ़ की कबड्डी टीम विजेता और राजनांदगांव की टीम उपविजेता बनी तो उत्तराखंड की टीम को तीसरे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती अनिता मंडावी सभापति जिला पंचायत राजनंदगांव द्वारा विजेता टीमों के खिलाड़ियों को राशि व विनर कप देकर सम्मानित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में कन्हैया लाल साहू सरपंच ग्राम पंचायत रामपुर सालिराम साहू उप सरपंच संतन कंवर गणपत साहू श्रीमती रामिन ठाकुर किरण ठाकुर पंच पिंकी साहू अनीता रात्रे जानकी देशलहरे पंच सुहाद्रा बाई पंच मानकी बाई कंवर पंच कुंज लाल साहु पूरनलाल व भाजपा कार्यकर्ता अरविंद नंदेश्वर सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित होकर मैच का आनंद लिया।

## तीन ट्रस्टियों की प्रताड़ना के चलते चंदू ने की आत्महत्या

### मामला - ट्रस्ट कर्मचारी के रेलवे ट्रैक में ट्रेन से कटकर आत्महत्या का



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के कुछ जिम्मेदार ट्रस्टी की प्रताड़ना से तंग आकर ट्रस्ट में काम करने वाले एक कर्मचारी जिसका नाम चंदू प्रसाद उर्फ चंदु उम्र लगभग 48 साल निवासी मिसिया बाड़ा कालकापारा ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया है। डोंगरगढ़ जीआरपी पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया है कि मृतक श्री प्रसाद के पास तीन पेज का सोसाईट नोट प्राप्त हुआ है जिसमें मृतक के द्वारा तीन ट्रस्टियों के द्वारा मानसिक, आर्थिक रूप से गबन करने का झूठा आरोप लगाकर प्रताड़ित किया जा रहा था जो मेरे ऊपर लगभग 3 लाख रु गबन करने का आरोप लगा कर मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना दे रहे थे जिसके दबाव में आकर बदनामी के डर से मैं आत्महत्या कर रहा हूं जिसके लिए पत्र में उल्लेखित तीनों प्रमुख रूप से जिम्मेदार है। उल्लेखित ट्रस्टियों के नामों का खुलासा पुलिस के द्वारा नहीं किया गया है। वहीं जीआरपी पुलिस मामले ने बताया कि मृतक ने पांच और कर्मचारी का उल्लेख करते लिखा है कि मेरी मौत हो जाने पर इन कर्मचारियों से पूछ लेना कि मैंने कोई घपला किया है क्या ? सुसाइट नोट में तीन ट्रस्टियों के नाम मीडिया के समक्ष उजागर होते ही बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के ट्रस्टियों में हड़कंप मच गया है। वहीं जीआरपी पुलिस ने मीडिया से निवेदन किया गया है कि पूरे मामले की छानबीन व बयान तक उन आरोपी तीन ट्रस्टियों का नाम प्रकाशित करें नहीं तो वे फरार हो जायेंगे। वहीं मृतक स्व चंदू प्रसाद का 30 अगस्त को छिरपानी मुक्तिधाम में अंत्येष्टि की गई । इस अंत्येष्टि यात्रा में ट्रस्ट के जिम्मेदार ट्रस्टी दूर दूर तक दिखाई नहीं दिये तो वहीं कुछ ट्रस्ट के ट्रस्टी व कर्मचारी सहित नगर के गणमान्य नागरिक, परिजन, ईष्ट मित्र उपस्थित थे, जो दिनभर जनचर्चा का विषय बना रहा।

## गंज गणेश समिति द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया

**राजनांदांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गंज गणेश उत्सव समिति गंज लाईन राजनांदगांव समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भव्य कार्यक्रम हर दिन अलग -अलग बाहर के कलाकारों द्वारा बांसूरी वादक, पियानो वादक, गिटार वादक का आयोजन किया जाता है । इसी तरह समिति ने आज रविवार शाम को गणेश आरती के बाद साउथ के डांसर के द्वारा कच्ची पुरम नृत्य डांस किया गया एवं मुबंई वालो के द्वारा मानक चंद वाद यंत्र से अपने मंडली द्वारा कार्यक्रम दिया साथ ही साथ सदस्यगणो द्वारा शर्ट और लुहंगी पहनकर भव्य आंनद लिया गया। पंडाल के सामने साउथ इंडियन इटली दर्शको को प्रसाद वितरण किया गया । हर दिन प्रसाद वितरण किया जाता है ,समिति द्वारा इस वर्ष भोलेनाथ जी का सावन महोत्सव विसर्जन झांकी गाजे-बाजे के साथ निकाली जायेगी ।कार्यक्रम की जानकारी (अध्यक्ष) रामू लाउत्रे के द्वारा दी गई ।




फैक्ट्री ले-आऊट

ग्रेनाईट मात्र

51/- फिट से शुरू

बम्लेश्वरी ग्रेनाईट

ग्राम - डुंडेरा, मेन रोड डोंगरगढ़ (छ.ग.)

8955662848 भरत सिंह


## कमल कुमार दुबे छ ग प्रदेश पेंशनर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** घुमका निवासी श्री कमल कुमार दुबे छत्तीसगढ़ पेंशन एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत दीवान ने छ ग सोसायटी अधि.1978 संशोधित 1996 की धारा 29 के अनुसार एवं धारा 27 में प्रांतीय अध्यक्ष को पंजीयन क्र 1844 दि .29/9/2007 से प्रदत्त अधिकार से प्रांतीय कार्यकारिणी घोषित कर नियुक्ति पत्र श्री दुबे को प्रेषित किया है जिस पर श्री दुबे ने अपनी सहमति व्यक्त की है श्री कमल कुमार दुबे लगातार घुमका तहसील पेंशनर एसोशिएशन के अध्यक्ष का कुशल दायित्व निर्वहन करते हुए घुमका में पेंशनर भवन एवं वहां आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने में अपनी महिती भूमिका निभाए हैं और लगातार पेंशनर हितों में जुटे हैं उनकी सक्रिय सहभागिता को देखते हुए उन्हें वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, अनिल शर्मा, सुधीर शेंडे, पतिराम साव, रमेश भोजवानी, गनपत दुबे,बांकेलाल श्रीवास, मेंघु राम वर्मा, सेवाराम दुबे, हीरो बाई, देवी लाल सेन,ठगिया बाई, तुलेश्वर दास आदि ने बधाई शुभकामनाएं दी हैं।



## हरडुवा में मोर मयारु संगी सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम हरडुवा में नवदीप गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में दिनांक 2 सितम्बर 2025 दिन मंगलवार को मोर मयारु संगी सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के रोहित वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवदीप गणेश उत्सव समिति द्वारा यह कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है। समिति के प्रितम सिन्हा, गौरव साहू, लाभा सेन, तोषण सिन्हा, नीतू सेन, केशव वर्मा, राजा लिल्हारे, नंदकुमार सिन्हा, योगेश वर्मा, शुभम सिन्हा, तुलसी वर्मा, निखिल सेन, तोमेश्वर वर्मा, भेलु नेताम, हुपेन्द्र साहू, किशन साहू, सागर सेन, सुरेन्द्र यादव, संगम सेन, ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गणेश उत्सव के कार्यक्रम एवं मोर मयारु संगी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की है।





सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092


## जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ कलार समाज का तीज मिलन समारोह लाल बहादुर नगर मे सम्पन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत क्षेत्र लाल बहादुर नगर मंडल बहुउद्देशीय भवन में आयोजित तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर अतिथि के रूप में जिला पंचायत्र के अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, प्रदेश अध्यक्ष महिला बंच की प्रमिला सिन्हा ,उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू ,जिल पंचायत सदस्य श्रीमती शिला सिन्हा,सभापति प्रशांत कोड़ापे,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे,प्रदेश महिला कांग्रेस की महामंत्री श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता सिन्हा,नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू सहित पार्षद गण भी उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे देव पूजन से प्रथम सत्र में खुर्सी दौड़, मटका फोड़, मोमबत्ती जलाना, गीत-संगीत व पारंपरिक खेल का आरंभ हुआ साथ ही तीज क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र बनी रही ,गीत संगीत के बीच यह कार्यक्रम चलता रहा तीज मिलन समारोह में महिलाओं के उत्साह वर्धन के लिए बच्चे बुजुर्ग,युवा सभी शामिल हुए कार्यकम में अतिथियों का सम्मान किया प्रदेश महिला मंच अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए कार्यकम के संबद्ध में जिला प्रचार प्रसार मंत्री पवन सिन्हा , जितेंद्र सिन्हा ने बताया कि समाज की महिलाओं के द्वारा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने व आशीर्वाद प्रदान करने जिले संरक्षक ठाकुर राम सिन्हा, अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना, महिला मंच अध्यक्ष निर्मला सिन्हा समेत कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित आयोजन में मुख्य रूप रूप मे पधारे छत्तीसगढ़ कलार समाज के प्रदेश संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा प्रदेश महामंत्री रिखिराम सिन्हा आदि प्रमुख यह कार्यक्रम मे शामिल हुए।



## शहर के आयुष सोनी को राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स ) ।** विगत 27 से 31 अगस्त 2025 को बिलासपुर जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युनाईटेड पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के मार्गदर्शन में मेन /वुमेन सब जूनियर, जू.सिनियर मास्टर वर्गो में आयोजित इस राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में पूरे भारत वर्ष के 350 खिलाडियों के दल ने भाग लिया। राजनांदगांव जिले से आयुष सोनी ने सब जूनियर वर्ग में 75 किलो वजन समूह वर्ग में भाग लेकर उक्त स्पर्धा में छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल 310 किलो ग्राम वजन उठाकर रजत पदक प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। आयुष सोनी स्थानीय एक्सपर्ट जिम में विगत 1 वर्षो से अभ्यासरत है वे ब्लूडायमंड सिटी, नंदई राजनांदगांव में निवासरत है। वे अनुज सोनी के सुपुत्र है। ज्ञात हो कि अनुज सोनी पूर्व में जय भवानी व्यायाम के सदस्य रहे। आयुष सोनी के पहिली बार राष्ट्रीय स्पर्धा में सब जूनियर वर्ग में पदक जीतने पर एक्सपर्ट जिम के संरक्षकगण एवं पदाधिकारिय महापौर मधुसूदन यादव, नरेश डाकलिया, जितेन्द्र मुदलियार, मनीष सिंह गौतम, अमित आजमानी, तामेश्वर बंजारे, श्रीमती अंजू बंजारे, संदीप सोनी, डॉ. रोहन सोनकर, नागेश यदु, अनुज सोनी, सुभाष हरिहारनो (बल्ली), गोपेन्द्र बंजारे, खिलेश बंजारे, कितांश कुमार, प्रशिक्षक विक्रम सिंह, राज खरे, महेन्द्र यदु, पिन्टु साहू, शुभम सोनी आदि ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त जानकारी एक्सपर्ट जिम समिति के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे मो. 7974747885 ने दी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com